# भर्ती हेतु सूचना

## परामर्शदाता– जन स्वास्थ्य प्रशासन

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। ये पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, सह–निर्माण कर सकते हैं और उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– जन स्वास्थ्य प्रशासन प्रक्रिया की भर्ती करने का इच्छुक है।

**भूमिकाएं एवं दायित्वः**

- मॉडल स्वास्थ्य जिले (एमएचडी), मातृ मृत्यु समीक्षा (एमडीआर), बाल मृत्यु समीक्षा (सीडीआर), जिला अस्पताल का सुदृढ़ीकरण, शिकायत निवारण और स्वास्थ्य हेल्प लाइन (जीआर और एचएल), सहयोगी पर्यवेक्षण (एसएस) इत्यादि जैसे विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए राज्यों को तकनीकी और निकट सहयोग करना।
- राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए समय–समय पर निगरानी दौरे करना, रिपोर्ट तैयार करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वयन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- विभिन्न संवर्गों और स्वास्थ्य में कार्यरत कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम दस्तावेजों एवं दिशानिर्देशों तथा अन्य क्षमता निर्माण सामग्री के मसौदे तैयार करने हेतु समन्वय करना।
- कार्यान्वयन में बाधाओं को दूर करने के लिए फील्ड भ्रमण, एचएमआईएस और अन्य आंकड़ा स्रोतों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों और प्रेक्षणों का विश्लेषण और उपयोग करना।

- राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तर की कार्यशालाओं के आयोजन और विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों पर राज्यों को अभिमुख करने के लिए परामर्शी कार्यक्रमों के आयोजन में प्रभाग का सहयोग करना ।
- स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्णय लेने में सहयोग के लिए राज्यों के पीआईपी प्रस्तावों का मूल्यांकन करना।
- केंद्र या राज्य स्तर पर कार्यान्वयन भागीदारों/विकास भागीदारों के साथ संपर्क स्थापित करना।
- एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों के साथ समन्वय और सहयोग करना
- सलाहकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए पीएचए प्रभाग के अन्य कार्य करना।

**योग्यताएं और अनुभवः**

**i) अनिवार्य**

- स्नातक उपाधि – एमबीबीएस या बीडीएस के साथ जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा (एमपीएच, एमडी सामुदायिक चिकित्सा) में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- विशेष रूप से मातृ एवं बाल स्वास्थ्य/एनआरएचएम/एनएचपी/आरएमएनसीएच + ए/स्वास्थ्य नियोजन/स्वास्थ्य नीति और पैरवी/जन स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण या स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन जैसे जन स्वास्थ्य के मुख्य क्षेत्रों में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन करने; राज्य, जिला, ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने का प्रदर्शित अनुभव।
- नीतिगत स्तर पर एनएचएम कार्यक्रमों में कार्य करने, निगरानी और मूल्यांकन, आंकड़ा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन, शासन की क्षमता और अनुभव।
- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट के उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता।
- जीवंत, गतिशील और पहल एवं अपनत्व की भावना से प्रेरित, और टीम के अंग के रूप में सौंपा गया कोई भी दायित्व स्वीकार करने को तैयार।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर, ब्यौरों का पूर्ण ध्यान रखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले लिखित कार्य करने की क्षमता।
- विशेष रूप से गरीब और कमजोर आबादी के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों से संबंधित मुद्दों पर कार्य करने के लिए उत्साहित, और समस्या–समाधान के दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत कार्य करने का उत्सुक।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

**ii) वांछनीय**

- केन्द्रीय (या) राज्य स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों या गतिविधियों में कार्यरत अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- जन स्वास्थ्य के सुसंगत क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव,
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य,
- केन्द्रीय स्तर, राज्य स्तर या तकनीकी सहायता निकायों के साथ स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का पूर्व अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**आयु सीमाः** 40 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)

**कार्य स्थलः** नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक

**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24 सितंबर, 2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।